नईदुनिया



# मां शारदा लोक से मैहर में बढ़ेगा धार्मिक पर्यटन और रोजगार : डॉ. यादव



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मैहर स्थित विश्वप्रसिद्ध मां शारदा माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। पूजन के बाद मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री को मां शारदा का चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुविधा, दर्शन व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मां शारदा की पावन नगरी मैहर देश-प्रदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मां शारदा लोक का निर्माण होने से मैहर में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

डॉ. यादव ने कहा कि तीर्थाटन बढ़ने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कामना की कि मां शारदा का आशीर्वाद प्रदेशवासियों पर बना रहे और मध्यप्रदेश विकास एवं प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री राधा सिंह, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और विक्रम सिंह उपस्थित रहे।

# प्रयोगशाला की तकनीकें निर्माण स्थल तक पहुँचें नवाचार का मिले वास्तविक लाभ : राकेश सिंह

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि नवाचार तभी सार्थक है, जब वह प्रयोगशाला से निकलकर वास्तविक निर्माण स्थल तक पहुंचे और उसके परिणाम आमजन को मिलें। नई तकनीकों को पहले पायलट परियोजनाओं और परीक्षण खंडों में परखने के बाद ही व्यापक स्तर पर अपनाया जाना चाहिए। सुरक्षित, टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना का निर्माण सरकार की प्राथमिकता है।

मंत्री बुधवार को सीएसआईआर-एएमपीआरआई, भोपाल में सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान की प्लेटिनम जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में सतत अधोसंरचना के लिए नवीन सामग्री और उन्नत तकनीकों पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए।



राकेश सिंह ने कहा कि बढ़ते यातायात, भारी वाहनों, सीमित प्राकृतिक संसाधनों और बदलती जलवायु को देखते हुए केवल अधिक सड़कें बनाना पर्याप्त नहीं है। कम लागत वाली स्वदेशी तकनीकों के माध्यम से मजबूत, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल अधोसंरचना विकसित करना जरूरी है। पराली और अन्य अनुपयोगी सामग्री का निर्माण कार्यों में उपयोग कर पर्यावरणीय समस्याओं को उपयोगी संसाधनों में बदला जा सकता है।

उन्होंने बताया कि लोकपथ ऐप के माध्यम से नागरिक सड़क पर गड्ढे या क्षति की तस्वीर भेजकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत के निराकरण की समय-सीमा सात दिन से घटाकर चार दिन कर दी गई है। सड़क निर्माण को जल संरक्षण से जोड़ने के लिए रिचार्ज बोर और नए पुलों में वर्षाजल संचयन प्रणाली विकसित करने पर भी काम किया जा रहा है।

कार्यशाला में सड़क निर्माण में पुनर्चक्रित सामग्री, फ्लाई ऐश, जियोपॉलिमर कंक्रीट, प्राकृतिक रेशों और उन्नत कंपोजिट के उपयोग पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने नई तकनीकों को परीक्षण के बाद चरणबद्ध तरीके से अपनाने पर जोर दिया।

## आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की जयंती पर नमन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हिन्दी साहित्य के महान साहित्यकार, पद्म भूषण आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की जयंती पर सादर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय साहित्य और निबंध के क्षेत्र में श्रद्धेय द्विवेदी का अतुलनीय योगदान अमर रहेगा।

# मुख्यमंत्री हॉकी कप तथा खिलाड़ियों का सम्मान 29 को



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मानसिंह यादव ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस और हॉकी के महानायक मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर 29 अगस्त को ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में मुख्यमंत्री हॉकी कप का आयोजन किया जाएगा।

इसमें प्रदेश की चार सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला हॉकी टीमों के बीच मुकाबले होंगे। मैच सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल करेंगे। श्री यादव ने बताया कि इसी दिन शाम 6 बजे न्यू मार्केट स्थित अपेक्स बैंक समन्वय भवन में खिलाड़ी सम्मान समारोह आयोजित होगा। इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों और खेल गुरुओं का सम्मान किया जाएगा। खेल रत्न, द्रोणाचार्य और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के साथ विश्वामित्र, विक्रम और एकलव्य पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले तथा राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मान मिलेगा। इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विशाल बत्रा और पवन दुबे उपस्थित रहे।

# चार आईएएस अधिकारियों के तबादले

## भारती ओगरे उच्च शिक्षा विभाग में, मनीषा सेंतिया पर्यटन में अपर सचिव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्य सरकार ने बुधवार को अपर सचिव स्तर के तीन और उप सचिव स्तर के एक आईएएस अधिकारी के तबादले किए। वर्ष 2012 बैच की आईएएस अधिकारी भारती जाटव ओगरे को उच्च शिक्षा विभाग में अपर सचिव पदस्थ किया गया है। इससे पहले उन्हें स्कूल शिक्षा विभाग में अपर सचिव बनाया गया था, लेकिन उन्होंने वहां कार्यभार ग्रहण नहीं किया था और खनिज साधन विभाग में ही कार्यरत थीं। वर्ष 2013 बैच की मनीषा सेंतिया को गृह विभाग से पर्यटन विभाग में अपर सचिव पदस्थ किया गया है। वर्ष 2016 बैच की शुचिस्मिता सक्सेना को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से गृह विभाग में उप सचिव बनाया गया है। वर्ष 2017 बैच के विवेक कुमार को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग में उप सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

सरकार ने अंशुमान राज को राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम का अपर प्रबंध संचालक तथा वीएस चौधरी कोलसानी को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा है।

## तुलसीदास की जयंती पर नमन

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संत शिरोमणि, भक्ति और मर्यादा के महाकवि, रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर सादर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र के माध्यम से गोस्वामी जी ने जो मंगलकारी और शुभ दीप प्रज्वलित किया है।


## कोलकाता अग्नि हादसे पर खण्डेलवाल ने जताया दुख

**नप्र, भोपाल :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कोलकाता के मिर्जा गालिब स्ट्रीट स्थित भवन में हुई भीषण अग्नि दुर्घटना में लोगों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों की आत्मा की शांति तथा परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

# बांधवगढ़ के बफर जोन में दिखा सैलानियों का उत्साह, 47 दिनों में पहुंचे 2 हजार पर्यटक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मानसूनी बारिश के साथ बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का प्राकृतिक सौंदर्य और निखर गया है। हरे-भरे जंगल, झरनों की कल-कल, जल संरचनाओं में बढ़ा जलस्तर और वन्यजीवों की सक्रियता पर्यटकों को आकर्षित कर रही है।

मानसून के कारण रिजर्व का कोर क्षेत्र पर्यटन के लिए बंद है, लेकिन बफर जोन में सफारी पर्यटकों के लिए खास आकर्षण बनी हुई है। एक जुलाई से 16 अगस्त 2026 तक 47 दिनों में बफर जोन में 400 से अधिक सफारी फेरे हुए। इस दौरान दो हजार से अधिक देशी-विदेशी पर्यटकों ने जंगल सफारी का आनंद लिया। इससे वन विभाग को 5.50 लाख रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। पर्यटन गतिविधियों से जिप्सी संचालकों, गाइड और होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों की आय में भी वृद्धि हुई है। धमोखर और पनपथा बफर क्षेत्रों में पर्यटकों को बाघ, तेंदुआ, गौर,



हाथी, चीतल, सांभर, बार्किंग डियर और नीलगाय जैसे वन्यजीवों के दर्शन हो रहे हैं। धमोखर क्षेत्र विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां बाघिन और उसके शावकों की गतिविधियां पर्यटकों के लिए सफारी का खास अनुभव बन रही हैं।

वन्यजीव संरक्षण के लिए बांधवगढ़ का कोर क्षेत्र 1 जुलाई से 30 सितंबर तक बंद रहता है। इसके बावजूद बफर क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही जारी है। स्वतंत्रता दिवस पर 29 सफारी वाहनों से 161 पर्यटक दलों ने भ्रमण किया और करीब 40 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। 16 अगस्त को भी 24 वाहनों से 111 पर्यटक दल सफारी के लिए पहुंचे।

## रातापानी बफर जोन में अवैध खनन पर एनजीटी ने लिया संज्ञान

**नप्र, भोपाल :** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की सेंट्रल जोन पीठ ने रातापानी टाइगर रिजर्व के बफर जोन में कथित अवैध खनन के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। अधिकरण ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई पांच अक्टूबर को तय की है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति श्यो कुमार सिंह और न्यायिक सदस्य प्रशांत गर्गावा ने की। रिपोर्ट के अनुसार बुधनी के निकट खंडाबरह क्षेत्र में बफर जोन में बड़े पैमाने पर पहाड़ी की खुदाई की गई। आरोप है कि विस्फोटक और पोकलेन जैसी भारी मशीनों का उपयोग कर दो हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में पहाड़ी काटी गई तथा करोड़ों रुपये मूल्य के पत्थर और गिट्टी निकाली गई। रिपोर्ट में पर्यावरणीय और प्रशासनिक प्रतिबंधों के बावजूद बिना अनुमति खनन और उत्खनन जारी रहने का भी आरोप है। एनजीटी ने सीहोर कलेक्टर, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, खनन अधिकारी, रातापानी वन्यजीव अभयारण्य के निदेशक और डीएफओ को पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी किए हैं। मामले की जांच के लिए संयुक्त समिति गठित की गई है। समिति को स्थल निरीक्षण कर छह सप्ताह में तथ्यात्मक और कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सोशल मीडिया को राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाएं युवाः खण्डेलवाल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को भोपाल में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से संवाद किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सोशल मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का सामूहिक संकल्प है।

श्री खण्डेलवाल ने कहा कि सोशल मीडिया अब केवल मनोरंजन और सूचना आदान-प्रदान का माध्यम नहीं रहा, बल्कि यह समाज के विचार, व्यवहार और दिशा को प्रभावित करने वाला सशक्त माध्यम बन चुका है। युवाओं को सोशल मीडिया का उपयोग राष्ट्र निर्माण और सकारात्मक बदलाव के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक पोस्ट, वीडियो, रील या सकारात्मक विचार कुछ ही समय में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। इसलिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने आह्वान किया कि सोशल मीडिया के माध्यम से राष्ट्र निर्माण, नवाचार, युवा शक्ति, आत्मनिर्भरता, विकास, शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हर पोस्ट और संदेश में भारत के उज्ज्वल भविष्य की झलक दिखाई देनी चाहिए। विकसित भारत का लक्ष्य समाज की सक्रिय भागीदारी से ही पूरा होगा। इस अवसर पर सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी, चंबल संभाग प्रभारी आयुष शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए 47 नई एफओसी टीमें गठित

**नप्र, भोपाल :** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं को बेहतर और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 47 नई एफओसी टीमें गठित की हैं। इनमें 33 बाइक एफओसी और 14 कैंपर एफओसी टीमें शामिल हैं। इन टीमों को जिला, संभागीय, तहसील मुख्यालयों और छोटे शहरों में तैनात किया गया है। इससे खासकर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का जल्द निराकरण हो सकेगा। एफओसी टीमें उपभोक्ता परिसर में बिजली आपूर्ति से जुड़े फॉल्ट या फ्यूज संबंधी शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंचकर आवश्यक सुधार करेंगी।

# गोविंद राजपूत ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर कई समस्याओं का तत्काल समाधान कराया। जिन प्रकरणों में विस्तृत प्रक्रिया आवश्यक थी, उन्हें संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण के लिए भेजा गया।

# तेज रफ्तार इनोवा की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

## हादसे में सात वर्षीय बेटा गंभीर घायल, नशे में चालक गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कोलार थाना क्षेत्र में मंगलवार रात तेज रफ्तार इनोवा कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका सात वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा अंकित परिसर के पास रात करीब 12 बजे हुआ। पुलिस के अनुसार, 35 वर्षीय शुभम अवस्थी अपने बेटे



आरोपी

माधव के साथ स्कूटी से जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार इनोवा ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई और पिता-पुत्र दूर जा गिरे। अस्पताल पहुंचने पर शुभम को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि बेटे का उपचार जारी है। पुलिस ने बताया कि कार चालक 21 वर्षीय युवक नशे की हालत में था। हादसे के बाद कार का स्पीडोमीटर 90 किलोमीटर प्रति घंटे पर अटका मिला। पुलिस के अनुसार, चालक ने ब्रेक की जगह गलती से एक्सीलेटर दबा दिया था। घटना के बाद लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। भीड़ ने कार में तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।

## स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मिली 11 करोड़ रुपये की टाइम ऑफ डे छूट

**नप्र, भोपाल :** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को टाइम ऑफ डे व्यवस्था के तहत बिजली की खपत पर विशेष छूट का लाभ मिल रहा है। जुलाई 2026 में कंपनी के 9 लाख 26 हजार 737 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में कुल 10 करोड़ 96 लाख 42 हजार रुपये की छूट दी गई। सोलर आवर्स यानी सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली का उपयोग करने पर 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड या अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। जुलाई में भोपाल क्षेत्र के 7 लाख 59 हजार 792 उपभोक्ताओं को 8 करोड़ 39 लाख 90 हजार रुपये, जबकि ग्वालियर क्षेत्र के 1 लाख 66 हजार 945 उपभोक्ताओं को 2 करोड़ 56 लाख 53 हजार रुपये की छूट मिली। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से बिजली खपत की निगरानी और नियंत्रण आसान होता है तथा उपभोक्ता आर्थिक बचत भी कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता मोबाइल पर बिजली खपत का वास्तविक समय का आंकड़ा देख सकते हैं।

# बांधों में जलभराव की लगातार निगरानी करें अधिकारी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्रदेश के सभी बांधों, जलाशयों और जल संरचनाओं में जलभराव की स्थिति की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान विभागीय अमला पूरी तरह सतर्क रहे और जलभराव की जानकारी प्रतिदिन बाढ़ नियंत्रण कक्ष, जिला प्रशासन तथा वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाए। लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने ने बुधवार को राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बांधों में जलभराव और जलद्वारों के संचालन की जानकारी लेते हुए सभी आवश्यक एहतियाती उपाय सुनिश्चित करने को कहा। राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष को जिलों से लगातार संपर्क बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान मानसून में अब तक 583.40 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है, जो दीर्घावधि औसत से 12 प्रतिशत कम है। प्रदेश के 54 अति महत्वपूर्ण बांधों में फिलहाल औसत जलभराव 64 प्रतिशत है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में अच्छी बारिश की संभावना है, जिससे जलस्तर बढ़ सकता है। बरगी, बिलगांव, महुअर और मटियारी बांधों के कुछ जलद्वारों से निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित जल निकासी की जा रही है।

**निवेश** निवेशकों से हुई चर्चा...

# मध्यप्रदेश में मत्स्य निवेश को मिलेगी नई दिशा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश में मत्स्य क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए सरकार ने प्रयास तेज कर दिए हैं।



मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने बुधवार को मंत्रालय में निवेशकों के साथ बैठक कर मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्य उद्योग नीति-2026 के प्रावधानों और कार्यप्रणाली पर चर्चा की। बैठक में विभिन्न जलाशयों में मत्स्य निवेश की संभावनाओं, उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग और प्रदेश में मत्स्य उद्योग को आधुनिक, रोजगारोन्मुख तथा निवेश-अनुकूल बनाने पर विचार-विमर्श हुआ। निवेशकों से उनके सुझाव भी लिए गए। साथ ही निवेश के दौरान आने वाली संभावित कठिनाइयों और आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

श्री पंवार ने कहा प्रदेश सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। मत्स्य विभाग को केवल उत्पादन तक सीमित न रखकर इसे सशक्त व्यापार और उद्योग के रूप में विकसित किया जा रहा है। निवेशकों की सुविधा और उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। सरकार की नीतियां निवेशकों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही हैं और अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

बैठक में प्रमुख सचिव स्वतंत्र कुमार सिंह ने कहा कि उपलब्ध जल संसाधनों की क्षमता का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित उपयोग कर मत्स्य उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com